सोमवार
06 मार्च, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



ननिहाल जा रही बाइक सवार भांजी की सड़क हादसे में मौत, मामा समेत दो जख्मी 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# ईडी और सीबीआई का हो रहा गलत इस्तेमाल, यह खतरनाक : केजरीवाल

**एजेंसी/नई दिल्ली**



देश के 9 विपक्षी नेताओं ने ईडी और सीबीआई के गलत इस्तेमाल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। इस मामले पर आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का बयान भी सामना आया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि इस तरह के हालात देश के लिए खतरनाक हैं। केजरीवाल ने पीएम मोदी की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, इस समय देश के प्रधानमंत्री की कार्यशैली कुछ इस तरह की हो गई है कि देश के अंदर किसी भी राज्य में बीजेपी के अलावा किसी अन्य पार्टी की सरकार हो तो सरकार को काम करने नहीं दिया जाता है। यह बहुत ज्यादा खतरनाक है। आप संयोजक ने कहा, प्रधानमंत्री किसी भी देश के फादर फिगर की तरह होते हैं। चुनाव में हम आपस में लड़ें लेकिन चुनाव होने के बाद अगर कहीं किसी की सरकार बन जाती है तो सरकार को पूरी तरह से सपोर्ट देने और उसके साथ काम करने की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री की होती है।

**दूसरी पार्टी को वोट दोगे तो काम नहीं करने देंगे:** अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, हमारे देश के प्रधानमंत्री ने ठान लिया है कि अगर बीजेपी को वोट नहीं दोगे और किसी दूसरी पार्टी को वोट दोगे तो उस सरकार को किसी भी हाल में काम नहीं करने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री यह भी करते हैं कि अगर बीजेपी के अलावा किसी दूसरी पार्टी की सरकार बन जाए तो उसके सारे नेताओं पर ईडी और सीबीआई छोड़ देते हैं, उनको गिरफ्तार कर लेते हैं। तरह-तरह से प्रताड़ित करते हैं, उनकी पार्टी तोड़ देते हैं, सरकार गिरा देते हैं। देशभर में, गोवा और कर्नाटक में ऐसा देखने को मिला है।

### असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा का दिया उदाहरण

केजरीवाल ने कहा, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, जिन पर ईडी और सीबीआई के काफी सारे मामले थे, शारदा कांड में फंसे थे। जैसे ही वह बीजेपी में आए उनके सारे मामले खत्म कर दिए गए। या तो वह पहले निर्दोष थे या फिर वह बीजेपी में आ गए और उनके सारे दोष मुक्त हो गए। उसी तरह से सुभेंदु अधिकारी, मुकुल रॉय, नारायण राने का मामला भी आता है। उद्धव ठाकरे की पार्टी से जितने विधायक तोड़े गए, कहा जाता है कि उन पर ईडी और सीबीआई के मामले चल रहे थे। अब उन मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

### मनीष सिसोदिया, सतीश जैन पर बीजेपी के लिए बनाया दबाव

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने आगे कहा, दिल्ली में जिस तरह मनीष सिसोदिया और सतीश जैन को गिरफ्तार किया गया है, शुरूआत में इन दोनों के पास इन लोगों ने बहुत लोग भेजे कि केजरीवाल का साथ छोड़ दो और भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो जाओ। आज मनीष सिसोदिया मेरा साथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो जाते तो वह जेल में नहीं होते और न उनके ऊपर किसी तरह का मुकदमा दर्ज होता। जाहिर तौर पर उन दोनों नेताओं पर जितने भी मामले दर्ज हैं वह सब झूठे हैं।

### राज्यपालों का भी हो रहा गलत इस्तेमाल

केजरीवाल ने कहा, गवर्नर्स का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। स्टालिन साहब ने बताया कि विधान सभा से पास 20 से ज्यादा बिल पर गवर्नर साइन नहीं कर रहे हैं। पिनाराई विजयन साहब के बहुत से वाइस चांसलर की नियुक्ति भी रद्द कर दी गई। ममता बनर्जी, नीतीश कुमार सभी परेशान हैं। दिल्ली के एलजी सुप्रीम कोर्ट के आदेश और संविधान को नहीं मानते हैं। एलजी खुलेआम घूमते हुए कह रहे हैं कि वह सुप्रीम कोर्ट को नहीं मानते। ऐसे देश कैसे चलेगा। देश का प्रधानमंत्री अगर नॉन बीजेपी सरकारों को काम नहीं करने देगा तो ये देश के लिए खतरनाक हालात है।

# नीतीश लोगों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे: कुशवाहा

**केटी न्यूज/सहरसा**

जेडीयू से रिश्ता तोड़ने के बाद राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा रविवार को अपने 'विरासत बचाओ यात्रा' के दौरान पांचवें दिन सहरसा पहुंचे। सहरसा में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उपेंद्र कुशवाहा ने नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने नीतीश कुमार से जो उम्मीद की थी उस पर वो खरे नहीं उतरे और फिर से बिहार को 2005 से पीछे ले जाने की तैयारी में जुट गए हैं। वहीं, इस दौरान जेडीयू के कई नेता और दर्जनों जेडीयू कार्यकर्ता राष्ट्रीय लोक जनता दल में शामिल हुए।

उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बिहार के लोगों ने शुरूआती दौर में कपूरी ठाकुर को विरासत दिया। इसके बाद यह विरासत जनता ने लालू प्रसाद यादव को दिया लेकिन लालू यादव ने इस विरासत को अपने परिवार में समेटना शुरू कर दिया तो बिहार के लोगों ने नीतीश कुमार को यह विरासत सौंप दी। नीतीश कुमार फिर से 2005 से पीछे बिहार को ले जाने लगे हैं। वहीं, आगे उन्होंने कहा कि हम गांधी की सत्याग्रह स्थल से उनको नमन करते हुए 'विरासत बचाओ यात्रा' पर निकले हैं। पहले गंगा के इस पार फिर होली के बाद गंगा के उस पार यात्रा पर निकलेंगे।

वहीं, पार्टी के साथ सांठगांठ पर उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि आज हर पार्टी एक दूसरे के संपर्क में है और उनके बिना कार्य नहीं हो सकता। इन बातों से हम इनकार नहीं कर सकते हैं। आगामी चुनाव में राष्ट्रीय लोक जनता पार्टी किस पार्टी के साथ रहेगी? पार्टी में विचार के बाद निर्णय होगी। बता दें कि कुछ दिन पहले उपेंद्र कुशवाहा जेडीयू से अलग हो गए थे। इसके बाद उन्होंने नई पार्टी बनाई है।

## खबरें फटाफट

### पटना में हाइवा की चपेट में आने से कई लोग जख्मी

**पटना।** तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से पटना में कई लोग एक साथ जख्मी हो गए। हादसा रविवार को गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के विष्णुपुरी एनएच पर हुआ। यहां एक तेज रफ्तार हाइवा ने सड़क पर यात्रियों से भरी हवा हवाई में ठोकर मार दी। कहा जा रहा है कि हवा हवाई में छह से सात लोग सवार थे और टक्कर लगने से सभी जख्मी हो गए। फिलहाल घायलों का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में कम से कम दो की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर हाईवा को अपने कब्जे में ले लिया है साथ ही हाईवा चालक को मौके से गिरफ्तार किया गया है।

### नालंदा में बदमाश ने युवक पर की फायरिंग

**नालंदा।** नालंदा जिले के हिलसा नगर परिषद कार्यालय के समीप उस समय अफरा तफरी मच गई। जब हथियार से लैश बेखौफ बदमाश एक युवक के ऊपर जान मारने की नियत से फायरिंग करने लगा। गनीमत यह रही कि युवक को गोली नहीं लगीं। गोली की आवाज सुनकर भीड़ ने उसे पकड़कर पहले जमकर पिटाई की। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस गिरफ्त में आया बदमाश हिलसा थाना क्षेत्र के गोबर विगहा गांव निवासी संजय प्रसाद के पुत्र अविनाश कुमार उर्फ सनसन बताया जा रहा है। उसके पास से एक देशी कट्टा एवं एक कारतूस बरामद किया गया है।

### हरदोई में एशिया की सबसे बड़ी पेंट फैक्ट्री का सीएम ने किया उद्घाटन

# उप्र सरकार निवेशकों को सुरक्षित निवेश की गारंटी देती है : योगी

- बर्जर पेंट्स ने उत्तर प्रदेश में कारखाना स्थापित करने के लिए 1000 करोड़ से अधिक का किया है निवेश
- सीएम बोले-निवेशकों से एमओयू के दौरान जो भी वादे किए गए होंगे, उनको समय से पूरा करने का काम सरकार करेगी
- अब समय आ गया है कि जब हम स्थानीय इंस्टीट्यूशंस को भी इंडस्ट्री के साथ जोड़कर काम करें

**एजेंसी/लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरदोई के सण्डीला औद्योगिक क्षेत्र में 37 एकड़ के क्षेत्र में बर्जर ग्रुप की एशिया की सबसे बड़ी बहु-उत्पाद पेंट फैक्टरी का उद्घाटन किया। भारत में अपने परिचालन के 100वें वर्ष में बर्जर पेंट्स ने उत्तर प्रदेश में सबसे आधुनिक और पूरी तरह से स्वचालित पेंट विनिर्माण कारखाना स्थापित करने के लिए 1000 करोड़ से अधिक का निवेश किया है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले यूपी में निवेश केवल पहले एनसीआर तक सीमित था। लेकिन, गलोबल इन्वेस्टर्स समिट ने इस मिथक को तोड़ने का काम किया है। सभी 75 जिलों में निवेश को लेकर प्रस्ताव मिले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सभी निवेशकों को सुरक्षित निवेश की गारंटी उपलब्ध कराती है। निवेशकों से एमओयू के दौरान जो भी वादे किए गए होंगे, उनको समय से पूरा करने का काम सरकार करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि निवेशक न सिर्फ अपना कारोबार बढ़ाएंगे, उसका विस्तार करेंगे, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की दिशा में कदम उठाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि जब हम स्थानीय इंस्टीट्यूशंस को भी इंडस्ट्री के साथ जोड़कर काम करें। आने वाले समय में मैन पावर, स्किल डेवलपमेंट के लिए काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में नई औद्योगिक क्रांति को रफ्तार मिली है। यूपी की कानून व्यवस्था देश में नजीर बनी है। पहले यूपी में दिया तले अंधेरा था। उत्तर प्रदेश की क्षमता सभी ने स्वीकार की है।

मुख्यमंत्री ने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि जहां चुनौती होती है, वहीं अवसर के रास्ते भी होते हैं। उन्हीं चुनौतियों के बीच से एक अवसर औद्योगिक विकास विभाग ने संडीला में बनाने का प्रयास किया और आज उसका परिणाम है कि 1000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव को बर्जर पेंट्स ने नई इकाई के जरिए धरातल पर उतारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ये औद्योगिक निवेश के नए युग की ओर प्रस्थान करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की पहली और दूसरी लहर के बाद लगता था कि आगे क्या होगा। उन सभी चुनौतियों का सामना करते हुए रिकॉर्ड 30 माह समय में इतने बड़े निवेश को धरातल पर उतारना आसान काम नहीं था। सीएम योगी ने कहा कि जो कार्य सण्डीला में देखने को मिल रहा है, वह उत्तर प्रदेश के एक नए औद्योगिक प्रवेश को भी प्रदर्शित करता है।

उन्होंने कहा कि पहले जब निवेश की बात होती थी तो इसका मतलब केवल एनसीआर का रीजन माना जाता था। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना अथॉरिटी और गाजियाबाद तक ये सिमट जाता था। इसके बाद राजधानी लखनऊ तक पहुंच पाता था। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में निवेश का कोई और स्थान नहीं था, जहां भारी-भरकम निवेश के साथ आगे बढ़ा सका। लेकिन, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने इन सभी मिथकों को तोड़ा है। लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव उत्तर प्रदेश को प्राप्त हुए हैं। इनमें 10 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव पूर्वी उत्तर प्रदेश, 4 लाख 29 हजार करोड़ के प्रस्ताव बुंदेलखंड को प्राप्त हुए हैं। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में निवेश आया है। ये उत्तर प्रदेश को देश के बेहतरीन निवेश गंतव्य स्थल के रूप में देश और दुनिया के सामने प्रस्तुत करता है।

## तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज

**पटना।** बिहारी मजदूरों पर हमला की अफवाह फैलाने को लेकर तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रवासी मजदूरों पर हुए हमले की खबरों को डीएमके से जोड़ने के चलते तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। चेन्नई पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट ने केस दर्ज किया है। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें बताया गया था कि बिहार के प्रवासी मजदूरों को बेरहमी से पीटा गया। बाद में तमिलनाडु पुलिस ने कहा कि वीडियो फर्जी है। वीडियो फैलाने के आरोप में भाजपा प्रवक्ता प्रशांत उमराव सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

## बिहार और राष्ट्रीय राजनीति, दोनों जगह नीतीश के लिए कुछ करने के लिए नहीं बचा : सुशील मोदी

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि जब बिहार, झारखंड, तमिलनाडु,महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर में भाजपा के विरोधी पहले से एकजुट हैं, तब नीतीश कुमार किसको जोड़ने की बात कर रहे हैं? मोदी ने कहा कि जो विपक्षी दल अब तक एक साथ नहीं आए, उन्हें नीतीश एक मंच पर ला भी नहीं सकते। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और माकपा से समझौता नहीं करने की बात ममता बनर्जी साफ कर चुकी हैं। नीतीश कुमार क्या ममता बनर्जी को मना सकेंगे? मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार तेलंगाना में केसीआर तथा दिल्ली-पंजाब-हिमाचल में केजरीवाल और कांग्रेस को कभी साथ ला सकते हैं क्या? उन्होंने कहा कि अब यूपी में न सपा-बसपा साथ हो सकते हैं, न वहां कांग्रेस-बसपा ही हाथ मिला सकते हैं। वहां जदयू की कोई हैसियत भी नहीं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार विपक्षी एकता का जो गुब्बारा फुला रहे हैं, उसकी हवा 2019 में ही निकल चुकी है। मोदी ने कहा कि बिहार और राष्ट्रीय राजनीति, दोनों जगह नीतीश कुमार के लिए कुछ करने के लिए नहीं बचा है।




### कोलकाता के युद्धपोत से किए गए परीक्षण में ब्रह्मोस ने अरब सागर में अपने टारगेट पर किया सटीक हमला

# भारतीय नौसेना ने ब्रह्मोस मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**एजेंसी/कोलकाता**



आत्मनिर्भर निर्भर भारत कार्यक्रम के तहत भारतीय नौसेना ने ब्रह्मोस मिसाइल का रविवार को सफल परीक्षण किया। इसके बूस्टर को डीआरडीओ ने डिजायन किया है। मिसाइल का परीक्षण कोलकाता के घातक युद्पोत से किया गया। इसने अरब सागर में अपने टारगेट पर सटीक हमला किया है। मामले की जानकारी भारतीय नौसेना की ओर से दी है। नौसेना की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया, भारतीय नौसेना ने डीआरडीओ की डिजायन की गई स्वदेशी साधक और वर्धक ब्रह्मोस मिसाइल ने अरब सागर में सटीक हमला किया है। ये आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। बयान में आगे कहा गया है कि मिसाइल का परीक्षण कोलकाता क्लास गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रॉयर वारशिप से किया गया। मिसाइल में स्वदेशी सामग्री बढ़ाने पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस लगातार काम कर रहा है।

**सुखोई से वायुसेना ने भी किया था परीक्षण:** इंडियन एयरफोर्स ने दिसंबर 2022 में बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस एयर लॉन्च मिसाइल का सफल परीक्षण किया था। ये 400 किलोमीटर तक के टारगेट को निशाना बना सकती है। वायु सेना ने अपने ऑफिशियल बयान में कहा था कि इस मिसाइल को सुखोई Su-30 फाइटर एयरक्राफ्ट से टेस्ट किया गया। रक्षा विभाग ने बताया कि टेस्ट के दौरान मिसाइल ने टारगेट की गई शिप को बीचोबीच मारा। यह मिसाइल के एयर-लॉन्च वर्जन का एंटी-शिप वर्जन है।

**क्या है ब्रह्मोस:** ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसे पनडुब्बी, शिप, एयरक्राफ्ट या जमीन कहीं से भी छोड़ा जा सकता है। ब्रह्मोस रूस की P-800 ओकिंस क्रूज मिसाइल टेक्नोलॉजी पर आधारित है। इस मिसाइल को भारतीय सेना के तीनों अंगों, आर्मी, नेवी और एयरफोर्स को सौंपा जा चुका है। ब्रह्मोस मिसाइल के कई वर्जन मौजूद हैं।

## खबरें फटाफट

### सड़क पार कर रही बच्ची को वाहन ने रौंदा

**आरा।** आरा-बक्सर फोरलेन मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार मोड़ के समीप रविवार की शाम वाहन ने सड़क पार कर रही एक बच्ची को रौंद दिया। उसमें गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे चिंताजनक हालत में पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी बच्ची मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव निवासी परशुराम ठाकुर की आठ वषीर्या पुत्री निधि कुमारी है। उसके चाचा दिलीप कुमार ने बताया कि रविवार की शाम वह धमार मोड़ के समीप सड़क पार कर रही थी। उसी दौरान एक वाहन ने उसे रौंद दिया। उससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गई। उसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया।

### पिकअप ने बाइक में मारी ठोकर, तीन जख्मी

**आरा।** आरा-मोहनियां हाईवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नयका टोला स्थित ओवर ब्रिज के समीप रविवार की शाम पिकअप ने बाइक में ठोकर मार दी। उसमें बाइक सवार चाचा-भतीजे सहित तीन लोग गंभीर रूप जख्मी हो गए। तीनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में तीयर थाना के मनुडिहरी गांव निवासी रामायण सिंह के 14 वर्षीय पुत्र आजाद कुमार, विजय यादव का 10 वर्षीय पुत्र ब्रजेश कुमार और मनोज कुमार सिंह का 12 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार शामिल है। रौशन कुमार ने बताया कि वह तीनों बाइक से रविवार की शाम अपने गांव से जगदीशपुर नयका टोला होली का मार्केटिंग करने गये थे। रविवार की शाम जब वह तीनो बाइक से वापस बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। उसी दौरान नयका टोला मोड़ स्थित ओवर ब्रिज के समीप पीछे से आ रही पिकअप ने उनके बाइक में टक्कर मार दी।

# तीन चिकित्सीय संस्थान के छात्रावास में लगेंगी सैनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन

- छात्राओं की सुविधा के लिए लगेंगी वेंडिंग मशीन, मशीन खरीदने कॉलेज को मिली प्रशासकीय स्वीकृति
- बीएमएसआईसीएल के मुख्य महाप्रबंधक ने सभी प्राचार्य व अधीक्षक को लिखा पत्र

**केटी न्यूज/बक्सर**




जिले के तीन मेडिकल संस्थान में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग और उसे नष्ट करने की मशीन लगाई जाएंगी। सभी सरकारी एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल, जीएनएम ट्रेनिंग स्कूल, पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट, बीएससी नर्सिंग कॉलेज के छात्रावास में महिला सशक्तिकरण के तहत पर्याप्त संख्या में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन एवं सेनेटरी नैपकिन इंसीनरेटर मशीन स्मोक कंट्रोल यूनिट का क्रय एवं अधिष्ठापन करने का विभागीय निर्देश दिया गया है इसके लिए बीएमएसआईसीएल के मुख्य महाप्रबंधक आपूर्ति श्रृंखला ने पत्र जारी कर सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं अधीक्षक को मंजूरी दे दी है। मशीन लगने से कॉलेजों में पढ़ने वाली छात्राओं और महिला कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी।

जारी पत्र के अनुसार जिले के जीएनएम प्रशिक्षण स्कूल बक्सर, पारा मेडिकल इंस्टिट्यूट सदर अस्पताल बक्सर एवं श्री धन्वंतरी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय अहिरौली बक्सर में नैपकिन वेंडिंग और सेनेटरी नैपकिन इंसीनरेटर मशीन लगाई जाएगी।

**स्वच्छता अपनाकर होता है संक्रमण से बचाव:** माहवारी किशोरियों एवं महिलाओं में एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है। अधिकतर किशोरियों में नैपकिन खरीदने को लेकर संकोच रहता है और वह संकोचवश माहवारी के दौरान कपड़ों का उपयोग करती हैं। वे मेडिकल स्टोर अथवा अन्य दुकानों में जाकर सैनेटरी नैपकिन लेने से परहेज करती हैं। माहवारी के दौरान गंदे कपड़ों का उपयोग कई प्रकार की प्रजनन अंगों की बिमारियों को जन्म देता है ऐसे में यह मशीनें सहायक बन सकेंगी।

**नैपकिन नष्ट करने की भी लगेगी मशीन:** सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन से सेनेटरी नैपकिन मिल जाएगा। उपयोग किए गए नैपकिन को नष्ट करने के लिए सेनेटरी नैपकिन इंसीनरेटर मशीन भी लगाई जाएगी। इसके उपयोग किए जाने से नैपकिन को सुरक्षित तरीके से डिस्पोज किया जा सकेगा। इस योजना से लड़कियों की शारीरिक स्वच्छता के साथ पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। सेनेटरी नैपकिन इंसीनरेटर मशीन लगने के बाद छात्राओं को नैपकिन के डिस्पोज किए जाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### अहिरपुरवा मोड़ के समीप आरा-पटना बाइपास पर हुई घटना, मचा कोहराम

# ननिहाल जा रही बाइक सवार भांजी की सड़क हादसे में मौत, मामा समेत दो जख्मी

- बाइक से गिरने के बाद ट्रक ने किशोरी को रौंद डाला, मौके पर ही गई जान
- ट्रक जब्त करने के साथ साथ पुलिस ने चालक और खलासी को किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**





टाउन थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा मोड़ के समीप आरा-पटना बाइपास पर रविवार की दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार एक किशोरी की मौत हो गई। ननिहाल जा रही किशोरी बाइक से गिरने के बाद तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई। उससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक चला रहे उसके मामा समेत दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों घायलों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

मृत किशोरी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी स्व. चुन्नू प्रसाद की 15 वषीर्या पुत्री नंदनी कुमारी थी। घायलों में कोईलवर थाना क्षेत्र के गोवर्धन चक गांव निवासी मनोज कुमार और बड़हरा थाना क्षेत्र के लखी टोला गांव निवासी लाल साहेब का 17 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार शामिल है। मनोज कुमार मृत किशोरी



के मामा हैं। मनीष कुमार फिलहाल नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो गांव में अपने पूरे परिवार के साथ रहता है। सूचना मिलते ही टाउन थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक चालक और खलासी को गिरफ्तार कर लिया है। ट्रक को भी जब्त कर लिया है। उसके बाद पुलिस द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

**बाइक सवार की टक्कर से गिरने के बाद रौंदते हुए निकला ट्रक :** घटना के संबंध बताया जाता है कि कोईलवर थाने के गोवर्धन चक गांव निवासी मनोज कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह वह होली को लेकर कुछ सामान देने अपनी बहन के घर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव गया था। तब उनकी भांजी नंदनी कुमारी ने कहा कि वह भी ननिहाल चलेगी। उसके बाद वह उसे अपनी बाइक से लेकर अपने गांव लौट रहे थे। उस दौरान दूसरी बाइक पर सवार मनीष कुमार लखी टोला से वापस अपने घर बहिरो लौट रहा था। अहिरपुरवा मोड़ के पास ओवरटेक के चक्कर में मनीष कुमार की बाइक उनसे टकरा गयी। उससे तीनों बाइक से गिर पड़े। उसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक सड़क पर गिरी नंदनी कुमारी को रौंद दिया। उससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

**दो भाई के बाद सबसे छोटी बहन थी :** घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस द्वारा दोनों जख्मी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मृत किशोरी अपने दो भाई के बाद सबसे छोटी बहन थी। वह अपने मां की इकलौती बेटी थी। होली पर्व को लेकर वह अपने ननिहाल जा रही थी। लेकिन, होनी को कुछ और ही मंजूर था। उसके परिवार में मां रिंकू देवी, भाई बंटी कुमार और लक्की कुमार है। किशोरी के पिता चुन्नू प्रसाद की बीमारी के कारण आठ वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। घटना के बाद किशोरी के घर में कोहराम मच गया है।

# वर्षों से एक ही जगह जमे एमओ पर कार्रवाई करें डीएम: विधायक

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

स्थानीय विधायक सतीश कुमार प्रत्येक रविवार को जनता दरबार लगाते हैं। जिसमें रविवार को एक भ्रष्ट चिकित्सक की बात सामने आई है। जिसमें काको प्रखंड के खपुरा मोड़ निवासी अजय यादव ने स्थानीय विधायक सतीश कुमार को लिखित शिकायत काको चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शिवकुमार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।

पीड़ित अजय यादव ने कहा कि डॉ शिवकुमार द्वारा उनसे 14 हजार रुपये इन्जोरी बनाने के लिए लिया गया था। पीड़ित ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन से भी मिलकर पूरे मामले की शिकायत की थी। पुलिस अधीक्षक ने जिला चिकित्सा पदाधिकारी को पत्र लिखकर काको चिकित्सा पदाधिकारी पर कार्रवाई करने की बात कही थी। बावजूद इसके अब तक ना तो काको चिकित्सा पदाधिकारी पर कार्रवाई हुई और ना ही पीड़ीत से लिया गया पैसा वापस कराया गया। पीड़ित की पूरी बात सुन स्थानीय विधायक ने जिलाधिकारी को फोन कर काको चिकित्सा पदाधिकारी शिवकुमार पर अविलंब कार्रवाई करने की बात कही साथ ही उनके 15 वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत होने पर भी सवालिया निशान उठाया।

उन्होंने कहा कि अविलंब पीड़ित को उसका पैसा वापस करवाया जाए और भ्रष्ट चिकित्सा पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाए। साथ ही विधायक ने जिलाधिकारी से मखदुमपुर अंचलाधिकारी पर कार्रवाई करने का अनुशंसा करने की बात कही है। विधायक ने जिलाधिकारी को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार दलालों और निजी लोगों को रखकर कार्य करवाने की बात कही गई है। जानकारी देते हुए विधायक सतीश कुमार ने कहा कि जिलाधिकारी ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों मुद्दों पर अविलंब कार्रवाई करने की बात कही है। बता दें कि मखदुमपुर में इन दिनों लगातार भ्रष्टाचार और निजी लोगों को रखकर काम करवाने की बात से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। जिसे लेकर स्थानीय विधायक सतीश कुमार ने पूरे मामले में जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए कार्रवाई करने की बात कही है।

## एक नजर

### लोगों को जागरूक कर शराब के प्रति होने वाले नुकसान के बारे में समझाने का हो प्रयास




**जहानाबाद।** जिले के नवादा स्थित जन मुक्ति आंदोलन कार्यालय डॉ विनयन आश्रम में शराब के सेवन से समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जन मुक्ति आंदोलन के महासचिव हरिलाल प्रसाद सिंह ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने शराब से हो रहे आर्थिक, समाजिक, शैक्षणिक नुकसान पर विस्तार से चर्चा किया। विदित हो कि जन मुक्ति आंदोलन अपने संगठन द्वारा पूर्व से ही लोगों को गांव गांव में जागरूकता कर शराब के सेवन पर रोक लगाने के लिए प्रयास कर रही है। संगठन इस शराब के सेवन पर रोक लगाने के लिए अनेक तरह के पूर्व में कार्यक्रम भी किया है एवं कई गांव ऐसे हैं जहां शराब बंद कराकर दूध के सेवन के प्रति लोगों को जागरूक कराने का भी कार्य किया है। संगठन इस मुद्दे पर गांव गांव में जागरुकता कर लोगों को इसके प्रति होने वाले नुकसान के बारे में समझाने का प्रयास करें। जनमुक्ति आंदोलन के उपाध्यक्ष संत प्रसाद, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष नाजनी परवीन, सक्रिय कार्यकर्ता विश्वनाथ यादव, नेरथूआ पंचायत के पूर्व मुखिया रंजीत कुमार, पिंजोरा पंचायत के सरपंच रामप्रवेश यादव, शमशाद आलम सिराज अली कुणाल कुमार लाल मंडल कुमार एवं सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

### होली आनंद का त्योहार, इसे नशा मुक्त व सूखे रंगों का प्रयोग कर खेलें: जिलाध्यक्ष

**जहानाबाद।** नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा संगठित नासवे के बैनर तले फुटपाथ दुकानदार संघ ऊटा सब्जी मंडी में होली मिलन समारोह मनाया गया।




जिसमें मार्केट कमेटी के अध्यक्ष गुड्डू साव एवं पूर्व अध्यक्ष संजय साव ने कहा कि होली के पावन पर्व पर रंग उसी को लगाएं जो प्रेम पूर्वक रंग लगाना चाहता हो। इस बार रंग नहीं लगाया जाए, ताकि पानी का बेवजह बर्बाद होने से बचाया जा सके। वहीं, मलाचक मार्केट कमेटी के अध्यक्ष विक्रम साव ने अपनी बात रखी। कहा कि हमेशा रंग गुलाल एवं सूखे रंग का इस्तेमाल करनी चाहिए। जिससे शरीर में इसका कोई इंफेक्शन ना बढ़ सके। वहीं, पुष्पा दुकानदार संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा कि होली आनंद का त्यौहार है। इसे नशा मुक्त, पानी मुक्त एवं सूखे रंगों का प्रयोग कर खेलें। बेवजह आपसी मनमुटाव एवं लड़ाई झगड़ों से दूर रहें किसी भी अनहोनी होने पर जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन का सहयोग ले कुछ स्वार्थी तत्व के लोग अपने नाजायज फायदा को देखते हुए चोरी छुपे शराब बिक्री कर रहे होंगे वैसे वैसे शराब पीने से आप गंभीर बीमारी का शिकार बन सकते हैं।

# यूपी से हथियार और गोली लेकर आ रहा रंगदार शाहपुर के दियारे से गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश से हथियार और गोलियों के साथ कार से लेकर आ रहे एक रंगदार को गिरफ्तार किया है। वह शाहपुर के दियारे इलाके में हथियार के साथ घूम रहा था। उसको करनामेपुर ओपी क्षेत्र के ईश्वरपुरा और माधोपुर के बीच दियारे से शनिवार रात पकड़ा गया। उसकी कार से एक राइफल और 51 गोलियां बरामद की गयी है।

बक्सर नंबर की एक कार भी जब्त कर ली गयी है। गिरफ्तार रंगदार करनामेपुर ओपी क्षेत्र के नंदलाल के डेरा गांव निवासी सीताराम सिंह के पुत्र प्रेम कुमार है। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा रविवार की दोपहर को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि सीमा क्षेत्र पर शराब और अवैध हथियार की सूचना मिलती रहती है। उस आधार पर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जाती रही है। उसी क्रम में शनिवार की रात करनामेपुर ओपी क्षेत्र के दियारे में यूपी के बलिया से हथियार लाये जाने की सूचना मिली। उस आधार पर एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी की गयी। उस दौरान ईश्वरपुरा-माधोपुर के बीच एक कार सवार को पकड़ा गया। तलाशी के क्रम में कार से एक राइफल और 51 गोलियां बरामद की गयी। इस मामले को लेकर शाहपुर कारनामेपुर (ओपी) में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार कार सवार की अवैध शराब, और बालू माफियाओं एवं हथियार तस्करों से सांठगांठ की जांच की जा रही है।

# दहेज के लिए शादी के नौ माह बाद विवाहिता की हत्या

**केटी न्यूज/आरा**





जिले के सिन्हा ओपी क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या कर दी गयी। उसका शव पांच दिन बाद रविवार की शाम सिन्हा गंगा नदी घाट के किनारे से बरामद किया गया है। मृत विवाहिता लक्ष्मीपुर गांव निवासी लक्की सिंह की 20 वषीर्या पत्नी नंदिनी देवी थी। शव मिलने से आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है।

सूचना मिलते ही सिन्हा ओपी इंचार्ज राजीव कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पहचान के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। मायके वालों द्वारा दहेज में बाइक और डेढ़ लाख रुपये के लिए हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया गया है। चौरी थाना क्षेत्र के बेरथ गांव निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी बेटी नंदिनी देवी की शादी पिछले साल 13 मई को हुई थी। शादी के आठ माह बीत जाने के बाद उसके पति लक्की सिंह व ससुराल वालों द्वारा दहेज में बाइक व डेढ़ लाख रुपये की मांग की जाने लगी। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को उनकी नंदनी से अंतिम बार फोन पर बात हुई थी। इसी बीच उनके घर झगड़ा हुआ। लेकिन किस कारण हुआ यह पता नहीं चल पाया। एक तारीख को उन्होंने कॉल की, तो उसका मोबाइल बंद बता रहा था। तभी गांव के लिए व्यक्ति ने फोन कर सूचना दी कि उसके ससुराल वालों ने उसे मार कर फेंक दिया है। उस पर वे लोग उसके ससुराल लक्ष्मीपुर गांव पहुंचे। उसके ससुराल वालों द्वारा कुछ भी नहीं बताया गया। उसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसी दरम्यान रविवार की शाम उसका सिन्हा गंगा नदी घाट के किनारे उसका शव बरामद किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने अपने दामाद लक्की सिंह और उसके ससुराल वालों पर दहेज में बाइक नहीं देने के कारण उसकी हत्या कर उसके शव को गंगा नदी में फेंकने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन के संसाधनों का इस्तेमाल करवाने में प्रमिला कुमारी का रहा शत- प्रतिशत योगदान

# मेहनत के लिए मिले सम्मान से बढ़ता है और बेहतर करने का हौसला: प्रमिला

- बेहतर कार्यों के लिए एएनएम प्रमिला कुमारी दो बार हो चुकी हैं सम्मानित

**केटी न्यूज/सासाराम**



किसी कार्य की मिली जिम्मेवारी को पूरे कर्तव्य के साथ निर्वहन किया जाए तो उसका परिणाम बेहतर देखने हो मिलता है। जिम्मेवारी को कर्तव्य के साथ निर्वहन करने का फल भी प्राप्त होता है। कोरोना काल में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा किये गए कार्य उसी जिम्मेवारी की एक मिसाल भी कही जा सकती है। कोरोना काल के अलावा अन्य दिनों में भी बेहतर कार्य करने वाले ऐसे स्वास्थ्य कर्मी हैं जो अपने कार्यों को पूरी जिम्मेवारी एवं ईमानदार पूर्वक निर्वाह कर रहे हैं। उन्हीं में से एक हैं रोहतास जिला अंतर्गत कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एएनम प्रमिला कुमारी। 2025 में एएनम प्रमिला कुमारी सेवानिवृत्त होने वाली हैं। प्रमिला कुमारी को स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके बेहतर कार्य के लिए जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। वह तीसरी बार भी सम्मानित होने वाली हैं।

**परिवार नियोजन व प्रसव में रहा अहम योगदान :** ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन को लेकर नकारात्मक सोच को बदलना कठिन समस्या मानी जाती लेकिन प्रमिला कुमारी के अथक प्रयास से महिलाओं के साथ साथ पुरुषों को परिवार नियोजन के लिए राजी करना आसान रहा। जिसका परिणाम यह रहा कि कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्थाई के साथ स्थाई परिवार नियोजन के साधनों के इस्तेमाल में हमेशा आगे रहा है। अस्थाई परिवार नियोजन (पीपीआइसीडी) में यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिले में प्रथम स्थान पर है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल 2022 से फरवरी 2023 तक कुल 423 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। जबकि अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक कुल 577 महिलाओं ने प्रसव के बाद पीपीआइसीडी (अस्थाई परिवार नियोजन) संसाधन को अपनाया। इसकी जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रबंधक मतीउर रहमान ने बताया कि कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन के साथ महिला प्रसव का बेहतर परिणाम है। उन्होंने बताया कि इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन सात से आठ महिलाओं का नार्मल प्रसव करवाया जाता है। साथ ही अस्थायी परिवार नियोजन के संसाधनों का इस्तेमाल करवाने में एएनम प्रमिला कुमारी का शत प्रतिशत योगदान रहा है।

**कर्तव्यों के प्रति रहें ईमानदार :** एएनम प्रमिला कुमारी ने बताया कि उनको जो काम मिला है वो उसको पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करती हैं। उन्होंने बताया कि बेहतर काम के लिए जब सम्मानित किया जाता तो उससे और बेहतर करने का हौसला मिलता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को चाहिए कि जो भी जिम्मेवारी मिली है उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करें। हमे अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित होना चाहिए, तभी हम कुछ बेहतर कर सकते हैं।

# बसंतोत्सव कार्यक्रम... पत्रकार भूषण सम्मान से नवाजे गए जिले के पांच कलमकार

- प्रमोद चौबे, मंगलेश तिवारी, अरुण कुमार सिंह, शेषनाथ पांडे और संजय उपाध्याय को किया गया सम्मानित

**केटी न्यूज/बक्सर**







बक्सर पत्रकार संघ द्वारा रविवार को पत्रकार सम्मान समारोह सह बसंतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के वैष्णवी क्लार्क होटल के सभागार में भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान जिले के पांच वरिष्ठ पत्रकार साथियों को संघ द्वारा पत्रकार भूषण सम्मान 2023 प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे स्वत्व पत्रिका के संपादक कृष्ण कांत ओझा एवं विशिष्ट अतिथि राकेश प्रवीर अध्यक्ष एनयूजे बिहार। इनके द्वारा पत्रकार प्रमोद चौबे, मंगलेश तिवारी` ब्यूरो प्रमुख दैनिक भास्कर, अरुण कुमार सिंह संवाददाता हिंदुस्तान, शेषनाथ पांडे, संजय उपाध्याय संवाददाता एबीपी को पत्रकार भूषण सम्मान प्रदान किया गया। इससे पूर्व संघ अविनाश उपाध्याय ने दोनों अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनंदन किया।

समारोह के दौरान इस बात की चर्चा हुई पत्रकारिता के मूल्यों में आवश्यक सुधार के लिए जरूरी है समय-समय पर कार्यशाला का आयोजन। क्योंकि जिस समय और समाज में बदल आ रहा है। पत्रकारिता के मानदंड की अनदेखी भी हो रही है। लेकिन इसमें सुधार के लिए जरूरी है सबको इसकी जानकारी दी जाए। विशिष्ट अतिथि रहे राकेश प्रवीर ने कहा कि बक्सर पत्रकार संघ को एनयूजे बिहार से जोड़ा जाए। ताकि पत्रकारों की समस्याओं को राज्य अथवा राष्ट्रीय स्तर पर भी जगह मिले। कृष्णकांत ओझा ने कहा कि पत्रकारिता में बेहतर मूल्यों की स्थापना के लिए कार्यशाला के आयोजन जरूरी है। वैसे भी सिद्धाश्रम ज्ञान की भूमि है। यहां इसको लेकर विशेष प्रयास होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अविनाश एवं संचालन संरक्षक रामएकबाल ठाकुर ने किया। समापन से पूर्व जनता सीटी चैनल के रेहना का जन्मदिन भी संघ द्वारा केक काटकर मनाया गया। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार मुखदेव राय, संरक्षक बबलू उपाध्याय, अनिल ओझा, राजेश तिवारी, श्रीकांत दुबे, मनीष कुमार समेत जिले भर के ग्रामीण पत्रकार शामिल हुए। वहीं, संघ के सचिव रवि मिश्रा व महासचिव मुस्ताक हुसैन बंटी ने सभी को अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया। सभी पत्रकारों ने एक दुसरे को रंग-अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

## खबरें फटाफट

### काली मंदिर में चोरी का प्रयास करते एक चोर गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी के स्थानीय गांव स्थित काली मंदिर का ताला तोड़ चोरी का प्रयास करते एक चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही कागजी प्रक्रिया पूरी कर रविवार को उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार चोर सोनवर्षा गांव निवासी दीपक कुमार पिता दिनेश सिंह है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार की मध्य रात्रि को दो चौकीदार हरेराम एवं संतोष सिंह काली रोड में गश्ती कर रहे थे। जैसे ही दोनों चौकीदार मंदिर के पास पहुंचे तो देखा कि एक चोर मंदिर का ताला तोड़ कर चोरी का प्रयास कर रहा है। यह देखकर दोनों चौकीदारों ने चोर को धर दबोचा।

### स्कार्पियों ने सगे भाईयों को रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**कृष्णाब्रह्म।** शनिवार की देर शाम एनएच 922 पर छोटका ढकाईच गांव के पास एक तेज रफ्तार स्कार्पियों ने सड़क पर टहल रहे सगे भाईयों को रौंद दिया। जिससे छोटे भाई की मौत हो गई जबकि बड़े भाई की हालत नाजुक बनी हुई है। दुर्घटना को अंजाम दे स्कार्पियों चालक अपना वाहन लेकर भागने में सफल रहा। मृतक अंकित प्रधान उम्र 17 वर्ष पिता मनू भूषण प्रधान छोटका ढकाईच का रहने वाहा था। जबकि जख्मी युवक उसका भाई मनीष प्रधान है।

### कोचिंग संटर में लगी आग

**ब्रह्मपुर।** रविवार की दोपहर ब्रह्मपुर डाकघर के पीछे स्थित एक कोचिंग संटर में अचानक आग लग गई। आगलगी की सूचना पुलिस और फायर बिग्रेड को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। फायर बिग्रेड व स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

## बक्सर के सभी परीक्षा केन्द्रों पर रही सख्त व्यवस्था, डीएम व एसपी करते रहे निरीक्षण

# 13 केंद्रों पर आयोजित एसएससी परीक्षा में आधे से अधिक परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

- परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश के पहले की गई थी परीक्षार्थियों की जांच पड़ताल
- किसी सेंटर पर अप्रिय घटना की नहीं मिली शिकायत

**केटी न्यूज/बक्सर**



रविवार को बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आहूत एसएससी स्नातक स्तरीय तृतीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा बक्सर के 13 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। सभी परीक्षा केन्द्रों पर आयोग की गाइड लाइन के तहत सुरक्षा के माकूल इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों को निर्धारित अवधि के पहले ही परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश के पहले परीक्षार्थियों की जांच पड़ताल भी की गई थी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था। जिला प्रशासन द्वारा कदाचारमुक्त परीक्षा कराने के लिए पूरी तैयारी की गई थी। डीएम अमन समीर एवं एसपी दीपक वर्णवाल के द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इसके अलावे पूरे दिन दंडाधिकारी भी विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेते रहे। इस दौरान एलबीटी कॉलेज, डीएवी पब्लिक स्कूल, इंदिरा उच्च विद्यालय, केएनएस डिग्री कॉलेज, पीसी कॉलेज, केके मंडल महिला कॉलेज, एवं एमपी उच्च विद्यालय समेत सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण दंडाधिकारियों की टीम करते रही। डीएम व एसपी के अलावे डीडीसी डॉ महेंद्र पाल, एसडीएम धीरेंद्र कुमार, एएसपी श्रीराज आदि ने भी अपने स्तर से इस परीक्षा की निगाहबानी की।

**बंद रहे साइबर कैफे व फोटो स्टेट की दुकानें:** वहीं परीक्षा को लेकर केंद्रो के आस-पास फोटो कॉपी के साथ साइबर केंद्र भी बंद रखे गये थे। प्रशासन द्वारा एहतियात के तौर पर परीक्षा के दौरान साइबर संचालकों तथा फोटो स्टेट दुकान संचालकों को अपनी-अपनी दुकानें बंद रखने का निर्देश दिया था। जिस कारण पूरे दिन ऐसी दुकानें बंद रही। बता दें कि पेपर लिक होने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए ही अधिकारियों द्वारा ऐसा निर्देश दिया गया था।

**13 केन्द्रों पर उपस्थित हुए 3463 परीक्षार्थी:** मिली जानकारी के अनुसार बीएसएससी द्वारा परीक्षा के संचालन के लिए कुल 13 केंद्र बनाए गए थे। जहां कुल 7 हजार 706 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। लेकिन कुल 3 हजार 463 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। जबकि अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 4 हजार 243 रही। परीक्षा के दौरान किसी परीक्षार्थी को कदाचार के आरोप में निष्कासित नहीं किया गया है।

**परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बनाए गए थे सहायता केन्द्र:** बक्सर में बीएसएसएसी द्वारा आयोजित परीक्षा में बड़ी संख्या में दूसरे जगहों के परीक्षार्थी बक्सर आने वाले थे। उन्हें उनके निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के रूट चार्ट तथा परिवहन सुविधा की जानकारी के लिए बक्सर रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डा पर सहायता केन्द्र बनाए गए थे।

## एक नजर

### सभी क्षेत्रों में मील का पत्थर स्थापित कर रही हैं महिलाएं: विद्या भारती

**केसठ।** भारतीय समाज पुरुष प्रधान समाज है और यहां घर हो चाहे कार्यालय, राजनीति हो या शिक्षा अधिकतर पुरुषों का ही वर्चस्व रहा है।



प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन पूरे विश्व में किया जाता है। महिला दिवस मनाने से महिलाओं के प्रति लोगों के व्यवहार में कितना परिवर्तन हुआ है ये देखने को मिलता है। कभी भारत में नारी का बहुत सम्मान होता था और कहा जाता था कि जहां नारी की पूजा होती है वहां ईश्वर निवास करते हैं। प्राचीन काल में आर्यों के समय में नारी के बिना कोई भी यज्ञ पूरा नहीं हो सकता था। रामायण में भी जब श्रीराम चंद्र जी ने अश्वमेघ यज्ञ का आयोजन किया तो सीता की अनुपस्थिति में उन्हें सीता की सोने की मूर्ति बनवाकर यज्ञ करना पड़ा था। मुगलकालीन समय में नारियों के प्रति पुरुष समाज का व्यवहार बदल गया और नारियों को केवल घर की चारदीवारी में बंद होकर रहना पड़ा। समय बदला और अब महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषों का मुकाबला कर रही है। महिलाएं आज पुरुषों से कम नहीं हैं। हर क्षेत्र में पुरुषों से आगे निकल रही हैं। कभी महिलाओं को निर्णय लेने का अधिकार भी नहीं था और उन्हें निर्णय लेने के लिए पुरुष की अनुमति लेनी पड़ती थी। लेकिन अब महिलाएं अपनी सफलता का डंका बजा रही है। महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपने सराहनीय योगदान से सबित किया है कि वे आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। नारी को कभी दहेज के नाम पर तो कभी कन्या भ्रूण हत्या द्वारा जान से हाथ धोना पड़ता था। अब धीरे-धीरे समय बदल रहा है और नारी सशक्तिकरण की ओर अग्रसर हो रही है तथा जीवन में कई क्षेत्रों में तो वह पुरुषों से भी आगे निकल रही है। महिलाओं को देश के अहम पदों पर सुशोभित हो कर महिलाओं ने नारी का मान बढ़ाया है। इससे महिलाओं में जागृति का संचार हुआ है।

### जनप्रतिनिधियों ने आयोजित किया होली मिलन समारोह, आपस में बांटीं त्योहार की खुशियां

**केसठ।** होली के पूर्व केसठ पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में जनप्रतिनिधियों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसका नेतृत्व



जिला परिषद अध्यक्ष डॉ विद्या भारती एवम केसठ पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने किया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर भाईचारे के महा पर्व होली मिलन समारोह मनाया। उपस्थित जिला परिषद सदस्यो ने कहा कि ये पर्व हिंदुओं का महापर्व है। इस पर्व को आपसी भाईचारे का पर्व माना जाता है। वही इस दौरान मुखिया ने जिला परिषद सदस्यों को एवं जनप्रतिनिधियों को अंग वस्त्र से समानिति किया। वही इस दौरान मुखिया ने पंचायत के सभी स्वच्छता कर्मियों और पंचायत स्तर के अधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर रीना देवी, सुनैना देवी, आरती देवी, राजू यादव, बंटी शाही, सहाना खातून, अशोक यादव, अरमान मालिक सहित कई अन्य पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### शिक्षक संघ व डीईओ के बीच वार्ता आयोजित, कई मुद्दों पर मिला आश्वासन

**बक्सर।** रविवार को प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट का एक प्रतिनिधि मंडल विभिन्न शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए डीईओ अनिक



कुमार द्विवेदी से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बीएड योग्यताधारी, संवर्धन प्राप्त शिक्षकों के वेतन बाधित समेत कई मुद्दों पर बात की। वार्ता में निदेशक के पत्र पर चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार सिंह ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को अवगत कराया कि इस पत्र मे कहीं भी उक्त शिक्षकों के सम्बंध में चर्चा ही नहीं है। जिला सचिव शाहिद अली ने स्पष्ट रूप से कहा कि बीएड योग्यताधारी एवं संवर्धन प्राप्त शिक्षकों का मसला अताउर रहमान के न्याय निर्णय से बिल्कुल अलग है। इससे उक्त शिक्षकों को कोई लेना देना नहीं है। वही डीईओ ने स्पष्ट कहा कि इनलोगों का वेतन बाधित नहीं किया जाएगा। वही संघ ने एनआईओएस से प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों की समस्या को भी डीईओ के समक्ष रखा। जिन शिक्षकों का प्रशिक्षण 31 मार्च 2019 तक पूर्ण हो गया है और प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि परिणाम प्रकशित होने की तिथि 29-मार्च 2919 से भिन्न हो तो इनका भी वेतन बाधित किया जाना किसी भी तरह से उचित नहीं प्रतीत होता। जिला सचिव शाहिद अली ने कहा कि इस संबंध में जिले के डीइओ, डीपीओ सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विभिन्न संघों के पदाधिकारीयों के साथ बैठक कर इस समस्या को सुलझाने का प्रयास करना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में अजय कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, पंकज कुमार, विवेक श्रीवास्तव समेत कई अन्य शिक्षक शामिल रहे।

# दहेज में बाइक नहीं मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

**केटी न्यूज/बक्सर**

ससुराल वालों में दहेज में बाइक नहीं मिलने पर एक विवाहिता को शादी के महज तीन महीने बाद ही मारपीट कर घर से निकाल दिया है। मामला बगेन गोला थाना क्षेत्र के राजपुर गांव का है। पीड़िता ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के सपही गांव के स्व हरेराम पांडेय की पुत्री रूबी पांडेय ने इस संबंध में बक्सर महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराया है।

पुलिस को दिए आवेद में रुबी पांडेय ने बताया है कि उसकी शादी 14 दिसम्बर 2022 को बगेन गोला थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी यमुना ठाकुर के पुत्र पिंटु ठाकुर के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद से ही विवाहिता को ससुराल में बाइक के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। मामले को लेकर कई बार स्थानीय स्तर पर पंचायती के माध्यम से मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया। मामला नहीं सलटने पर विवाहिता ने महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। महिला थानाध्यक्ष कंचन कुमारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़िता ने पति के साथ सास, ससुर, भसुर, देवर, जेठानी, देवरानी समेत सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। हालांकि संवाद संप्रेषण तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# साजिश के तहत मुझपर किया गया केस : भागमनी देवी

- बोली निवर्तमान चेयरमैन- मेरे पास नहीं था वित्तीय प्रभार, पूर्व ईओ ने की थी निकासी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद के निवर्तमान चेयरमैन भागमनी देवी ने अपने उपर हुए एफआईआर को साजिश के तहत की गई कार्रवाई बताया है। उन्होंने कहा कि उनके उपर लगे आरोप बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि सीडब्लूजेसी संख्या 4704/21 28 अप्रैल 2021 को पारित आदेश में माननीय हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश में नगर विकास एवं आवास विभाग को याचिकाकर्ता विभा देवी द्वारा लगाए आरोप की जांच कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया था। भागमनी ने बताया है कि अपर समाहर्ता व एसडीओ के जांच प्रतिवेदन में उन्हें कहीं से भी दोषी नहीं ठहराया गया है। लेकिन विभाग के उप सचिव राहुल वर्मन द्वारा उनपर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने अपने उपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि कोविड-19 के संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत दिनांक 3 जनवरी 2020, 24 मार्च 2020, 6 जून, 24 सितंबर तथा 29 सितंबर को मैने ससमय साधारण एवं सशस्क स्थायी समिति की बैठक करवाई थी। उन्होंने कहा कि बिहार नगर पालिका अधिनियम की धारा 82 ( 1 ) के तहत मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को प्राक्कल बजट तैयार करना होता था। लेकिन कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बजट प्राक्कल तैयार नहीं किया गया था। निवर्तमान पार्षद ने बिना प्राक्कल बजट के निकासी व व्यय पर जबाव देते हुए कही कि उनके द्वारा किसी भी तरह के भुगतान हेतु संचिका पर हस्ताक्षर नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि मेरे पास किसी भी तरह का वित्तीय प्रभार भी नहीं था। उन्होंने कहा कि उनका फर्जी हस्ताक्षर दिखा राशि की निकासी की गई है।

### फजीर्वाड़े के खिलाफ चेयरमैन ने दर्ज कराया है रीट याचिका

भाग्यमनी ने बताया कि फजीर्वाड़े तथा मनमानी के खिलाफ मैने नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव, बक्सर डीएम, डुमरांव नगर परिषद की ईओ को पार्टी बनाते हुए पटना हाईकोर्ट में सीडब्लूजेसी नंबर 2752/2023 दर्ज कराया है। जो सुनवाई प्रक्रिया के अधीन है। भागमनी देवी ने कहा कि उनके द्वारा न तो नियमों का उल्लंघन किया गया है और न ही अवैध निकासी की गई है।

### पूर्व ईओ सुजीत कुमार पर अवैध निकासी का ठिकरा फोड़ा

निवर्तमान चेयरमैन ने इशारे इशारे में ही पूर्व ईओ सुजीत कुमार पर अवैध निकासी का ठिकरा फोड़ा है। नगर परिषद के जानकारों की मानें तो कोविड काल में नगर परिषद द्वारा विभिन्न मदों में मोटी रकम की निकासी की गई थी। सूत्रों की मानें तो यदि गहराई से जांच की गई तो डुमरांव नगर परिषद के पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी सुजीत कुमार के साथ ही नगर परिषद के कई संवेदकों तथा कर्मियों की गर्दन फंसनी तय है।

## सांसद खेल महाकुंभ का समापन आईटीआई मैदान पर हुआ, 4 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने खेल महाकुंभ में की शिरकत

# बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्र के माध्यम से भेजा अपना शुभकामना संदेश
- केंद्रीय खेल व युवा मामले मंत्री अनुराग ठाकुर ने वीडियो संदेश के जरिए प्रतिभागियों का बढ़ाया हौसला

**केटी न्यूज/बक्सर**




केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के संयोजन में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ का समापन रविवार को आईटीआई मैदान पर हुआ। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना संदेश पत्र के माध्यम से भेजा। वही केंद्रीय खेल व युवा मामले मंत्री अनुराग ठाकुर ने वीडियो संदेश के जरिए प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में अलग-अलग विधानसभा स्तर से 4 हजार से अधिक युवा व युवतियों ने इस खेल महाकुंभ में शिरकत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बक्सर में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ को लेकर संदेश पत्र के माध्यम से समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हमारे देश में बहुत सी ऐसी खेल प्रतिभाएं हैं जो अपने सामर्थ्य दिखाने के लिए लालायित है। देश के अलग-अलग हिस्सों में मौजूद इन खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए जरूरी है कि स्थानीय स्तर पर निरंतर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि इस कड़ी में विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में आयोजित की जा रही सांसद आदर्श खेल प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को एक प्रतिस्पर्धी मंच उपलब्ध करा रही है।

### 6 विधानसभा में बनाया जाएगा सांसद खेलकूद आदर्श मैदान

सांसद खेल महाकुंभ के समापन के अवसर पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि 6 विधानसभा में सांसद खेलकूद आदर्श मैदान बनाया जाएगा। खेल के प्रति बेटियों का उत्साह देखकर बहुत ही अच्छा लगा। प्रधानमंत्री की दूरदर्शी योजना का संदेश ही हैं- सब खेलें-सब खिलें। केंद्र सरकार की खेल योजनाओं की बदौलत आज खेलों में भी भारत की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान बन रही है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि विशाल स्तर पर सांसद खेल का आयोजन हुआ। मां गंगा के गोद में नौकायन दौड़ आकर्षण का केंद्र था। दिव्यांगजनों ने भी अद्भुत खेल क्षमता का परिचय दिए। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने कहा कि यह सांसद खेल महाकुंभ गांव के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का अवसर है। खेल कुंभ में विजयी प्रतिभागी आगे होने वाले खेल में भी जा सकते हैं। हमारी बेटियां जिस उत्साह के साथ खेल में हिस्सा ली। यह देखकर काफी अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी के लिए उसका खेल भी एक साधना और तप है। जिसमें वो अपने आप को तपाता है। सफल खिलाड़ी का फोकस भी सटीक होता है। तब जाकर वह एक के बाद एक नए पड़ाव पर विजय और सिद्धि हासिल करता है।

# चला योगी का बुलडोजर... मुख्तार अंसारी के करीबी कमलेश सिंह की दो मंजिला इमारत ध्वस्त

- बगैर नक्शा पास हुए बनी इस इमारत को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में किया गया ध्वस्त
- कमलेश सिंह के भवन से वाणिज्य कर विभाग व यूनियन बैंक का कार्यालय अन्यत्र हटा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





योगी सरकार के एंटी माफिया अभियान के तहत जनपद में मुख्तार अंसारी के करीबी पर बड़ा एक्शन लिया गया। इस बार मुख्तार के करीबी रहे कमलेश सिंह की दो मंजिला बिल्डिंग पर प्रशासन का बुलडोजर चला है। बगैर नक्शा पास हुए बनी इस इमारत को पुलिस प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया है। पुलिस प्रशासन ने सदर कोतवाली क्षेत्र के फुल्लनपुर इलाके में स्थित मुख्तार के करीबी कमलेश सिंह के अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि वर्षों पूर्व इस बिल्डिंग का निर्माण हुआ था। इसे बगैर नक्शा पास कराए ही बनाया गया। कभी मुख्तार अंसारी का करीबी कमलेश सिंह पुलिस रिकार्ड में हिस्ट्रीशीटर रहा। फिलहाल उसकी मौत हो चुकी है। लेकिन कमलेश सिंह के इस अवैध निर्माण को लेकर जिला प्रशासन ने कई बार नोटिस जारी किया था। डीएम के निर्देश पर इस अवैध बिल्डिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस दो मंजिला बिल्डिंग में कई दुकानें बनी हुई थी। बिल्डिंग में वाणिज्य कर कार्यालय और यूनियन बैंक की शाखा भी थी। इसे प्रशासन की नोटिस के बाद खाली कर दिया गया था। बैंक की ब्रांच और वाणिज्य कर कार्यालय को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया। फिलहाल मुख्तार के करीबी कमलेश सिंह के इस अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है। इस प्रकार हो रही कार्रवाई ने लोगों को चेतावनी दी है कि अगर उनकी इमारत बिना नक्शा पास कराए बनी है तो उन पर आनेवाले दिनों में कार्रवाई हो सकती है। वहीं इसके साथ ही अपराधियों के दिलों में भी डर समा गया है कि कभी भी योगी सरकार बड़ी कार्रवाई को अंजाम दे सकती है। बिल्डिंग गिराए जाने के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि किसी भी अशुभ स्थिति से निपटा जा सके।

## खबरें फटाफट

### बेकाबू कार की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**बलिया।** सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के चन्द्रशेखर नगर राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर बेकाबू कार की चपेट में आने से एक छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल के लिये भेज दिया। वहीं इस घटना से मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार बिहार के थाना ब्रहम्मपुर चक्की गांव निवासी ब्यूटी कुमारी 22 वर्ष गुलाब देवी में परीक्षा देने के लिए भाई सुमित यादव के साथ ई-रिक्सा से चन्द्रशेखर नगर स्थित एक रिस्तेदार के यहां जा रहे थे। चन्द्रशेखर नगर मोड़ पर उतर कर ई-रिक्सा का किराया ब्यूटी दे रही थी। उसी दौरान शहर से माल्देपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर ब्यूटी को रौदते हुए भाग गयी। आसपास के लोगों की सहायता से सुमित ने अपनी को जिला अस्पताल अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी। इस घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### इको सेंसेटिव जोन में निर्माण की रिपोर्ट मिलने के बाद दिए आदेश, अब एक माह बाद होगी अगली सुनवाई

# एनजीटी ने जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की इमारतों के निर्माण पर लगाई रोक, फंसा पेंच




- विवि के रजिस्ट्रार को एनजीटी ने किया निर्देशित, आगे किसी तरह का कोई निर्माण न कराएं
- विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए बसंतपुर में सुरहाताल पक्षी बिहार के पास दी गई थी लगभग 51 एकड़ भूमि

**केटी न्यूज/तिलक कुमार**




जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की इमारतों का निर्माण सुरहाताल पक्षी बिहार के इको सेंसेटिव जोन में पाए जाने पर एनजीटी ने मामले की सुनवाई करते हुए इसके निर्माण पर फिलहाल रोक लगा दी है। विवि के रजिस्ट्रार को निर्देशित किया है कि आगे कोई निर्माण न कराएं। इससे यूनिवर्सिटी के निर्माण पर तलवार लटक गई है। हालांकि विवि की तरफ से किसी के पेश न होने पर अगली सुनवाई के लिए चार अप्रैल की तारीख रखी गई है। अगली सुनवाई के बाद एनजीटी का अंतिम निर्णय आ सकता है। फिलहाल निर्माण पर रोक लगने से संबंधित सभी अधिकारियों के साथ ही कार्यदायी संस्था की सांसें अटकी हुई हैं।

जनपद में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए बसंतपुर में सुरहाताल पक्षी बिहार के पास लगभग 51 एकड़ भूमि भूमि दी गई थी। विश्वविद्यालय के भवन का निर्माण पहले फेज में 92.39 करोड़ रुपये की धनराशि से किया जा रहा है। इसके लिए 35 करोड़ रुपये की धनराशि भी जारी हो चुकी है। इसमें 15 करोड़ रुपये की पहली किस्त का प्रयोग किया जा चुका है और दूसरी किस्त से निर्माण कार्य चल रहा है। पहले फेज में प्रशासनिक भवन, एकेडमिक भवन और लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है।

जनपद के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के सरनी निवासी धर्मेंद्र सिंह ने एनजीटी के न्यायाधीश सुधीर अग्रवाल को शिकायती पत्र भेजकर विश्वविद्यालय में हो रहे निर्माण कार्यों को एनजीटी की गाइड लाइन के विपरीत बताया था। इसके बाद से विवि का निर्माण सवालों के घेरे में आ गया था। शिकायतकर्ता ने कहा था कि सुरहाताल जयप्रकाश नारायण पक्षी विहार घोषित है। इसके अनुसार, सुरहाताल के चारों तरफ का एक किमी का क्षेत्र संरक्षित है। जेएनसीयू के निमार्णाधीन भवन को इस परिधि के भीतर बताया था। मामले को लेकर एनजीटी में सुनवाई शुरू हुई। पहले एनजीटी ने विवि की कुलपति को नोटिस जारी कर दो माह के भीतर जवाब मांगा था। सत्यापन के लिए समिति गठित की थी। समिति की ओर से दाखिल की गई रिपोर्ट पर कोर्ट संतुष्ट नहीं हुआ। समिति से पूछा था कि इमारतें ईओ सेंसेटिव जोन में है कि नहीं।

प्रभागीय वनाधिकारी काशी वन्य जीव प्रभाग रामनगर दिनेश सिंह, जिला वेटलैंट कमेटी बलिया के सदस्य वीके आनंद की ओर से दाखिल जवाब में कहा गया कि इमारत ईको सेंसेटिव जोन में हैं। शुक्रवार को मामले में सुनवाई के बाद न्यायिक सदस्य अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य अफरोज अहमद की पीठ ने संयुक्त समिति की रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद कहा कि प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, पुस्तकालय भवन, वाणिज्यिक भवन, एससी-एसटी छात्रावास जय प्रकाश नारायण (सुरहा ताल) पक्षी विहार की सीमा से एक किलोमीटर के ईको सेंसेटिव जोन में बनाया जा रहा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने जेएनसीयू के रजिस्ट्रार को निर्देश दिया कि वह सुरहा ताल पक्षी बिहार की सीमा से एक किलोमीटर के इको सेंसेटिव जोन के भीतर आने वाली भूमि के किसी भी हिस्से पर आगे कोई निर्माण न करें।

### निर्माण शुरू करने से पहले की गई थी अनदेखी

मामले की शिकायत सरनी निवासी धमेंद्र सिंह ने एनजीटी से की तो आनन-फानन में वन विभाग की ओर से निर्माण वाली भूमि को सुरहा ताल पक्षी बिहार से अलग कर दिया था। इससे साफ है कि विवि का निर्माण शुरू करने से पहले इन बारीकियों पर ध्यान नहीं दिया गया। ये अब विवि के निर्माण पर ही भारी पड़ने लगा है

**पिलर लगाकर चिह्नित करें ईको सेंसेटिव जोन:** एनजीटी ने जिलाधिकारी बलिया, एसपी बलिया एवं वन मंडल पदाधिकारी काशी वन्य जीव खंड रामनगर को निर्देशित किया कि एक माह के भीतर ईको सेंसिटिव जोन क्षेत्र का सीमांकन कराएं। अतिक्रमण चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने के लिए उचित कार्रवाई करें। उपयुक्त स्थान पर साइन बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया। लोगों को बताएं कि यह निर्माण क्षेत्र नहीं है और उस पर आगे कोई निर्माण नहीं किया जाएगा। कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

**खतरे में न पड़ जाए कूड़ा निस्तारण केंद्र:** विवि के पास ही नगरपालिका बलिया की ओर से कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। हालांकि ये निर्माण काफी पहले से हो रहा था, लेकिन बीच में निर्माण करने वाली कंपनी ने काम छोड़ दिया था। इससे निर्माण ठप पड़ गया था। कुछ माह पहले नगर पालिका बलिया की ओर से तीन करोड़ से ज्यादा की धनराशि से इसका निर्माण फिर शुरू कराया गया है। जल्द ही इसे चालू करने की बात कही जा रही थी। अब एनजीटी ने ईको सेंसेटिव जोन के एक किमी के हिस्से में हुए अतिक्रमण को हटाने का भी निर्देश दिया है। इससे कूड़ा निस्तारण केंद्र को लेकर भी चिंता जताई जा रही है।

### बिजली चोरी करने पर 17 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**गाजीपुर।** विद्युत वितरण खंड द्वितीय आमघाट में शहर क्षेत्र के मोहल्ला छावनी लाइन, गोराबाजार, खजुरिया, सरैया, कृष्णापुरी कालोनी में अधिशाषी अभियंता सुजीत सिंह एवं सहायक अभियंता सुधीर कुमार के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 17 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए। जिनमें सभी लोगों के खिलाफ विजिलेंस थाना रौजा पर विद्युत चोरी में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई। साथ ही 10,000 से ऊपर के 21 बकाएदारों की केबल पोल से खोल दिया गया है। अधिशाषी अभियंता सुजीत सिंह ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का बकाए को लेकर केबिल पोल से खोली गई है। अगर बिना अपने बकाया बिलों का भुगतान किए बगैर केबिल पुनः पोल से उपभोक्ता जोड़ता है, तो उसके उपर विद्युत चोरी में मुकदमा पंजीकृत करवाया जाएगा।

आगे उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील किया कि जिसका भी बिल 10,000 से उपर का बकाया है, वे लोग यथाशीघ्र अपने बिलों का भुगतान कर दें एवं जो भी अभी तक कनेक्शन नहीं लिए हैं, वे लोग तत्काल झटपट पोर्टल पर अपना आवेदन करके सरल तरीके से विद्युत कनेक्शन ले लें, एवं कोई भी उपभोक्ता मीटर स छेड़छाड़ कत्तई न करें। अन्यथा जांच के दौरान पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। चेकिंग टीम मुख्य रूप से अवर अभियंता अमित गुप्ता सहित समस्त मीटर रीडर, संविदा कर्मी, डिस्कनेक्शन गैंग उपस्थित रहे।

## बलिया रेलवे स्टेशन से 97 कछुए के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**



जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त रूप से रविवार को चेकिग अभियान के दौरान बलिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से तीन तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ उनके कब्जे से सुंदरी प्रजाति के 97 कछुए बरामद किए। तीनों आरोपियों को न्यायालय में चालान करने के साथ 97 कछुए को वन विभाग को सुपुर्द कर दिया गया।

बता दें कि उप्र में कछुए तस्कर कुछ ज्यादा ही सक्रिय है। तभी हर एक-दो महीने के अंदर बड़ी संख्या में कछुए बरामद होते हैं। अक्सर तस्कर या तो पकड़ में नहीं आते हैं या पिफर जीआरपी की आंखों में धूल झोंक देते हैं। इसी कड़ी में रविवार को जब जीआरपी और आरपीएफ जब होली के मद्देनजर चेकिंग अभियान चला रहे थे। तभी तीन व्यक्ति संदिग्धावस्था में बैग आदि लेकर प्लेटफार्म नंबर एक पर बैठे नजर आए। जांच टीम के पास जाने पर तीनों सकपका गए। इसके बाद जब बैगों की तलाशी ली गई तो उसमें से सिर्फ कछुए ही बरामद हुए। पकडे अभियुक्तों का नाम बांके मंडल निवासी हावड़ा, हेमंत कुमार निवासी अंबेडकरनगर और हिमेंद्र प्रताप शाह निवासी पश्चिम बंगाल खरदह 24 परगना है। तीनों आरोपियों संबंधित धाराओं चालान करने के साथ ही कब्जे बरामद 97 कछुए को वन विभाग को सौंप दिया गया। इस अवसर पर जीआरपी थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह व आरपीएफ प्रभारी बीके सिंह अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

## एसपी ने नवनिर्मित आगंतुक कक्ष व थानाध्यक्ष कक्ष का किया लोकार्पण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा रहे पुलिस अधीक्षक ने आम जनता को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक ने भांवरकोल परिसर में जनसहयोग से नवनिर्मित आगंतुक कक्ष एवं थानाध्यक्ष कक्ष का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि थाने में फरियाद लेकर आने वाले लोगों को बैठने का समुचित स्थान सुलभ कराने का काम किया गया। इसका उद्देश्य थाने में आने वाले फरियादियों की सुविधा को देखते हुए उचित स्थान उपलब्ध कराना है। ताकि फरियादियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। बता दें कि फरियादी जब अपनी समस्या लेकर थाने पहुंचते हैं, तो ऐसे में कई बार उन्हें थाना परिसर में काफी समय तक अधिकारियों के आने का इंतजार करना पड़ता है। आगंतुकों के लिए बैठने के लिए कोई उचित स्थान न होने पर उन्हे इधर -उधर भटकना पड़ता था। उन्होंने कहा कि आम जनसहयोग अपेक्षित है। आम जन से संवाद स्थापित कर ही कानून व्यवस्था में सहयोग करें। उन्होंने इस क्षेत्र में पशु तस्करी पर पभ़ावी नियंत्रण के लिए थानाध्यक्ष की पीठ थपथपाई। कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं को रोकने के लिए फरियादियों की समस्यायों को गंभीरता से निस्तारण करें।

## एक नजर

### वाहन में बज रहे फूहड़ गीत को लेकर चला जांच अभियान, चालकों को दी गई हिदायत



**मऊ।** होली पर्व को देखते हुए सड़कों पर ऑटो रिक्शा ई-रिक्शा एवं प्राइवेट चार पहिया वाहन में बज रहे फूहड़ गीत को लेकर उप जिलाधिकारी अवधेश चौहान पुलिस उप अधीक्षक डॉक्टर अजय विक्रम सिंह कोतवाल संजय कुमार त्रिपाठी समेत पुलिस एवं महिला पुलिस के लोगों द्वारा स्थानीय शहीद चौराहा रेलवे स्टेशन रोड आदि स्थानों पर लगभग 60 वाहनों की जांच पड़ताल की जांच के दौरान कुल 28 ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा में लगे हुए डीजे सिस्टम को खोलकर हटाया एवं चालक को सख्त निर्देश दिया कि दोबारा अगर डीजे सिस्टम गाड़ियों में बजता हुआ पाया गया तो विधिक कार्रवाई की जाएगी अचानक इस वाहन चेकिंग को लेकर वाहन के संचालकों में हड़कंप मचा रहा ।

### विश्व हिंदू परिषद वर्ष में एक बार करता है धर्म रक्षा निधि कार्यक्रम: मंगल देव चौबे



**गाजीपुर।** विश्व हिंदू परिषद नगरा प्रखंड के कार्यकताओं द्वारा धर्म रक्षा निधि एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन नगरा स्थित डाक बंगले पर किया गया ,कार्यक्रम में समस्त जिला पदाधिकारियों ने अपना निधि समर्पण किया तथा अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत सह मंत्री मंगल देव चौबे ने कहा कि संगठन को चलाने के लिए तीन चीजों की विशेष आवश्यकता होती है कार्यकर्ता, कोष एवं कार्यालय जिसके तहत विश्व हिंदू परिषद वर्ष में एक बार निधि समर्पण कार्यक्रमों का आयोजन पूरे देश में एक साथ करता है जिससे संगठन का संचालन ठीक प्रकार से किया जा सके। चौबे ने कार्यकताओं के बीच संगठन द्वारा चलाए जाने वाले अस्पतालों वृद्धाश्रमो, छात्रावासों एवं सेवा कार्यक्रमों की विधिवत चर्चा करते हुए 20 तारीख से पूर्व धर्म रक्षा निधि में अपना समर्पण करने हेतु कार्यकताओं का आह्वान किया ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बलिया जिला उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव रसड़ा कार्याध्यक्ष दीपक गुप्ता जिला सहमंत्री डा सुनील यादव जय शंकर शुक्ला ,विपिन सिंह ,प्रेम प्रकाश पांडे एवं संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में मुरली मनोहर टीडी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली रैली

# साइकिल चलाकर छात्राओं ने खुद को फिट रखने का दिया संदेश

- प्रथम स्थान पर प्रिया मौर्या एवं शिवानी सिंह, द्वितीय स्थान पर माया तथा तृतीय स्थान पर खुशी गुप्ता रहीं

**केटी न्यूज/बलिया**



विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को मुरली मनोहर टीडी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा साइकिल रैली निकाली गयी। रैली का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. जयन्त कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर किया। जिसका समापन कालेज के मैदान में हुआ। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोगों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइकिल रैली या साइकिल फॉर हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, इससे जनमानस में साइकिल चलाने की उपयोगिता का संदेश जायेगा। इसी के साथ साइकिल रेस प्रतियोगिता भी करायी गयी। जिसमे 20 छात्राओं ने हिस्सा लिया। रेस में प्रथम स्थान पर प्रिया मौर्या एवं शिवानी सिंह, द्वितीय स्थान पर माया तथा तृतीय स्थान पर खुशी गुप्ता रहीं। इन छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम में डा. अजय कुमार पाण्डेय एसोशिएट प्रोफेसर, अखिलेश प्रसाद एन. सी. सी. अधिकारी, डा० संदीप पाण्डेय रोवर्स प्रभारी, डा. सुनीता चौधरी रेंजर्स प्रभारी डा. कौशल कुमार एन. एस. एस. प्रभारी, डा0 अनिल कुमार सिंह, डा0 राजीव शुक्ला, डॉ0 एस. के. मिश्रा सहित अन्य छात्र छाताएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन आर बी. यादव. डी. पी. एम. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम आयोजन में प्राचार्य डा. प्रो. आर. एन. मिश्रा एवं डा. निशा राघव का विशेष योगदान रहा।

### रंगदारी वसूली के आरोप में महिला गिरफ्तार

**मऊ ।** चिरैयाकोट थाना क्षेत्र में एक व्यवसायी से रंगदारी मांगने के आरोप में एक महिला आरोपी को स्थानीय थानाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा ने शनिवार को सर्विलांस की मदद से झारखंड से गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रीना राय निवासिनी ग्राम बहलोलपुर थाना चिरैयाकोट जनपद-मऊ अपने पति अनुज कनौजिया तथा अपने ननदोई के साथ मिलकर स्थानीय थाना क्षेत्र के एक व्यवसायी से कई दिनों से रंगदारी वसूल रही थी। जिससे तंग आकर व्यवसायी ने एक सप्ताह पहले मुकदमा कराया। तत्पश्चात सर्विलांस की मदद से थानाध्यक्ष राजेश वर्मा ने शनिवार को झारखंड पहुंच कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया।